दैनिक प्रातः कालीन भारत सरकार से रजिस्टर्ड हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करें:-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999/- में
न्यूज़ पेपर डिज़ाइन कराये कम दम में

वर्ष :- 03 अंक :- 207 मुरादाबाद, 17 November 2023 (Friday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## संक्षिप्त समाचार

### दुष्कर्म पीड़िता के बच्चे को गोद लेने के बाद उसका DNA टेस्ट कराना सही नहीं, हाईकोर्ट की टिप्पणी

आरोपी ने अपनी जमानत याचिका में दावा किया था कि पीड़िता 17 साल की थी, लेकिन उनके संबंध सहमति से बने थे। जबकि पुलिस में दर्ज कराए मामले में शख्स पर आरोप था कि उसने नाबालिग पीड़िता के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए और उसे गर्भवती कर दिया।बॉम्बे हाईकोर्ट का कहना है कि दुष्कर्म पीड़िता के बच्चे को गोद लेने के बाद उसका डीएनए टेस्ट कराना बिल्कुल सही नहीं है। यह बच्चे के हित के लिए सही नहीं है। बता दें, न्यायाधीश जीए सनप वाली एकल पीठ ने 10 नवंबर को 17 साल की नाबालिग के साथ दुष्कर्म और गर्भवती करने वाले आरोपी को जमानत दे दी। हाईकोर्ट का पुलिस से सवाल-जबाव गौरतलब है, नाबालिग लड़की ने बच्चे को जन्म दिया और उस बच्चे को गोद लेने के लिए एक संस्था को दे दिया था। पीठ ने इससे पहले पुलिस से जानना चाहा कि क्या उन्होंने बच्चे का डीएनए परीक्षण कराया। इस पर पुलिस ने अदालत को सूचित किया कि पीड़िता ने जन्म देने के बाद बच्चे को गोद लेने के लिए दे दिया था। बच्चे को पहले ही गोद ले लिया गया है और संबंधित संस्थान गोद लेने वाले माता-पिता की पहचान का खुलासा नहीं कर रहा है। हाईकोर्ट ने कहा कि यह उचित है। भविष्य के लिए सही नहीं-हाईकोर्ट ने कहा, %यह ध्यान रखना उचित है कि बच्चे को गोद दिया गया है। इसलिए बच्चे का डीएनए कराना उसके भविष्य के हित में नहीं होगा।% 2020 का मामला- दरअसल, आरोपी ने अपनी जमानत याचिका में दावा किया था कि पीड़िता 17 साल की थी, लेकिन उनके संबंध सहमति से बने थे और उसे इसकी समझ थी। जबकि पुलिस में दर्ज कराए मामले में शख्स पर आरोप था कि उसने नाबालिग पीड़िता के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए और उसे गर्भवती कर दिया। आरोपी को साल 2020 में गिरफ्तार किया था। ढाई साल से बंद आरोपी- हाईकोर्ट ने आदेश में कहा कि आरोपी के इस तर्क को नहीं मान सकते कि पीड़िता ने सहमति से संबंध बनाए। हालांकि, आरोपी 2020 से जेल में बंद है, दो साल और 10 माह से जेल में बंद है।

## रक्षा मंत्रियों की बैठक में राजनाथ सिंह ने की शिरकत, कहा- हिंद-प्रशांत में आजाद परिवहन के लिए प्रतिबद्ध




आसियान के रक्षा मंत्रियों की एक बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शिरकत की। उन्होंने कहा, वर्तमान युग युद्ध का नहीं है। आतंकवाद को अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा बताया। इंडोनेशिया के जकार्ता में आयोजित आसियान के रक्षा मंत्रियों ( एडीएमएम प्लस ) की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शिरकत की। संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, दुनिया में शांति और स्थिरता के लिए बातचीत जरूरी है। साथ ही उन्होंने कूटनीति के महत्व पर भी जोर दिया। दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती सैन्य ताकत के मुद्दे पर राजनाथ सिंह ने कहा, भारत वैश्विक मानदंडों के अनुरूप अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में नौवहन, हवाई उड़ान और निर्बाध वैध वाणिज्य की स्वतंत्रता के लिए प्रतिबद्ध है। राजनाथ सिंह ने कहा, वर्तमान युग युद्ध का नहीं है। आतंकवाद को अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा बताया। उन्होंने इससे निपटने के लिए ठोस प्रयासों का आह्वान किया। उन्होंने क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा बढ़ाने के लिए एडीएमएम प्लस के साथ व्यावहारिक, दूरदर्शी और परिणामोन्मुखी सहयोग को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा, पूरे दक्षिण चीन सागर पर संप्रभुता के चीन के व्यापक दावों पर वैश्विक चिंताएँ बढ़ रही हैं। गौरतलब है कि आसियान रक्षा मंत्रियों की एडीएमएम-प्लस बैठक में रक्षा मंत्री ने टिप्पणी की। दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र और इसके आठ संवाद भागीदार - भारत, चीन, ऑस्ट्रेलिया, जापान, न्यूजीलैंड, कोरिया गणराज्य, रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं। इंडोनेशिया एडीएमएम प्लस के वर्तमान अध्यक्ष के रूप में बैठक की मेजबानी कर रहा है। 1992 में भारत आसियान का संवाद भागीदार बना। एडीएमएम-प्लस अक्टूबर 2010 में हनोई में आयोजित किया गया था।

## 'बिहार को जल्द दे दीजिए विशेष राज्य का दर्जा', CM नीतीश की केंद्र से मांग, बोले- फीडबैक लेने घर-घर जाएंगे; अभियान चलाएंगे



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार को अगर विशेष राज्य का दर्जा मिल जाता तो प्रदेश का काफी विकास होता। अभी केंद्र प्रायोजित योजनाओं का अनपात 60 40 है। इससे राज्य को कोई फायदा नहीं। विशेष राज्य का दर्जा मिलने से हमें राशि की बचत होगी। दूसरे काम होंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आने वाले समय में अपनी यात्रा की भी बात कही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को यह ऐलान किया कि प्रदेश में फिर से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने को ले अभियान चलेगा। एक-एक जगह जाकर इस बारे में लोगों को बताएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र अगर बिहार का उत्थान चाहता है तो बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दे। अगर बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिल जाता है तो दो वर्षों के भीतर ही प्रदेश का विकास हो जाएगा। जल्द दे दीजिए यह दर्जा। केंद्र सरकार बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं देती तो इसका मतलब यह है कि वह बिहार का उत्थान नहीं चाहती। राजधानी स्थित बापू सभागार में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना 2023-24 के लाभुकों के बीच प्रथम किस्त के वितरण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम के उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने यह बात कही। विशेष राज्य का दर्जा मिल जाता तो काफी विकास होता- मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार को अगर विशेष राज्य का दर्जा मिल जाता तो प्रदेश का काफी विकास होता। अभी केंद्र प्रायोजित योजनाओं का अनपात 60- 40 है। इससे राज्य को कोई फायदा नहीं। विशेष राज्य का दर्जा मिलने से हमें राशि की बचत होगी। दूसरे काम होंगे।

### गांव-गांव घूमकर फिर लेंगे काम की जानकारी

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आने वाले समय में अपनी यात्रा की भी बात कही है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष जनवरी-फरवरी में वह लोगों के बीच गांव-गांव जाकर योजनाओं का हाल लिया था। वह फिर निकलेंगे और जानकारी लेंगे। अधिकारियों को निर्देश- जाकर राज्य सरकार की योजनाओं का फीडबैक लें- मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने मुख्य सचिव को यह निर्देश दिया है कि विभाग के अधिकारी व डीएम लोगों के बीच जाकर राज्य सरकार की योजनाओं का फीडबैक लें। यह देखें कि कितने लोगों को राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा। जिन लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा उनसे बात करें और उन्हें लाभ दिलाएं। हमें प्रचार से नहीं लोगों के काम से मतलब- केंद्र सरकार पर प्रहार करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग काम नहीं करते हैं, अपना खूब प्रचार करते हैं। हमें तो लोगों के काम से मतलब है प्रचार से नहीं। हम तो सभी लोगों के हित में काम करते हैं। किसी के खिलाफ नहीं हैं। हम काम करते रहेंगे। दिल्ली वाला कोई काम नहीं कर रहा। राज्यपाल से आग्रह कि जल्द कर दें हस्ताक्षर- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जाति आधारित गणना की विधानमंडल में पेश रिपोर्ट के बाद सरकार द्वारा आरक्षण बढ़ाए जाने के निर्णय पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा विधेयक राज्यपाल के हस्ताक्षर के लिए गया है। वह बाहर गए हैं पर आज यह मालूम हुआ कि वह आ गए हैं। हम उनसे आग्रह करेंगे कि आज ही हस्ताक्षर कर दें।

## एयरपोर्ट पर उतरते ही पायलट-गहलोत पर राहुल गांधी ने दिया बड़ा बयान, BJP बोली- ये सिर्फ फोटोशूट



राहुल के जयपुर एयरपोर्ट पर उतरते ही उनके साथ सीएम अशोक गहलोत और कांग्रेस नेता सचिन पायलट भी दिखे। राहुल गांधी से जब पूछा गया कि क्या अब सब साथ हैं तो इस पर कांग्रेस नेता ने हंसते हुए कहा कि हम न सिर्फ साथ दिख रहे हैं बल्कि एकजुट भी हैं। राहुल के इस बयान पर भाजपा ने तंज कसा है। राजस्थान चुनाव के चलते वार-पलटवार की राजनीति जोरों पर है। जयपुर में आज चुनावी प्रचार के लिए पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एकतरफ भाजपा पर पलटवार किया तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस में सब कुछ ठीक होने की बात कही।हम साथ ही नहीं, एकजुट भी हैं: राहुल- राहुल के जयपुर एयरपोर्ट पर उतरते ही उनके साथ सीएम अशोक गहलोत और कांग्रेस नेता सचिन पायलट भी दिखे। राहुल गांधी से जब पूछा गया कि क्या अब सब साथ हैं, तो इस पर कांग्रेस नेता ने हंसते हुए कहा कि हम न सिर्फ साथ दिख रहे हैं बल्कि एकजुट भी हैं। हम साथ रहेंगे और कांग्रेस यहां चुनाव जीतेगी।भाजपा ने कसा तंज- राहुल के इस बयान पर भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक फोटोशूट है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक फोटो के लिए है, क्योंकि राहुल गांधी जानते हैं कि राजस्थान में कांग्रेस का कुछ नहीं होने वाला है। भाजपा नेता ने कहा, इसीलिए वह यहां सिर्फ इसके लिए एक फोटोशूट करने आए हैं और इसके बाद वापस जा रहे हैं।

## अखिलेश यादव ने सामाजिक न्याय यात्रा को दिखाई हरी झंडी, इंडिया गठबंधन को लेकर कही ये बातें




सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को समाजिक न्याय यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और इंडिया गठबंधन को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर भी जवाब दिए।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बने गठबंधन इंडिया में टूट को लेकर लगाए जा रहे कयासों का खंडन करते हुए कहा कि गठबंधन की बात पहले होती रही है। अभी भी हुई है आगे भी होती रहेगी। मध्य प्रदेश में हमने अपने कार्यकर्ताओं के दम पर चुनाव लड़ा है और हमें उम्मीद है कि परिणाम हमारे पक्ष में आएंगे।अखिलेश यादव गुरुवार को सपा कार्यालय में सामाजिक न्याय यात्रा के शुभारंभ के मौके पर मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि ये यात्रा जनता को जागरुक करने के लिए है। यह यात्रा लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए है।अखिलेश यादव गुरुवार को सपा कार्यालय में सामाजिक न्याय यात्रा के शुभारंभ के मौके पर मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि ये यात्रा जनता को जागरुक करने के लिए है। यह यात्रा लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए है। स्वामी प्रसाद मौर्य के हिंदू धर्म को लेकर दिए गए बयानों पर उन्होंने कहा कि समाज में जाति व धर्म को लेकर नफरत नहीं होनी चाहिए। जो धर्म जैसा है उसे वैसे ही स्वीकार करना चाहिए। पत्रकार भी न सवाल पूछें न खबर चलाएं। सामाजिक न्याय की लड़ाई चलती रहनी चाहिए और जातीय जनगणना होनी चाहिए। इसी से सभी वर्गों का विकास संभव है। 25 नवंबर को बिजनौर में खत्म होगी यात्रा- सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि यात्रा का समापन 25 नवंबर को बिजनौर में होगा। हम सरकार से जातीय जनगणना की मांग करते हैं। पूरे देश में होनी चाहिए जिससे कि पता चल सके और समाज की कौन सी जातियां हैं जिन्हें विकास का लाभ नहीं मिल सका है।

## सहारा श्री का अंतिम संस्कार, पोते हिमांक राय ने दी मुखाग्नि, मौजूद रहीं बड़ी हस्तियां

सहाराश्री सुब्रत राय का लखनऊ के भैंसाकुंड में अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनके पोते हिमांक ने उन्हें मुखाग्नि दी। इसके पहले अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में आम लोग व वीआईपी शामिल हुए।सहारा समूह के संस्थापक सुब्रत राय की अंतिम यात्रा सहारा शहर से निकली तो बड़ी संख्या में राजनेता, फिल्मी हस्तियां और आम लोग मौजूद रहे। उनके पार्थिव शहर को भैंसाकुंड लाया गया जहां उनके पोते हिमांक ने मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, कांग्रेस नेता राज बब्बर, कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी सहित फिल्म जगत की हस्तियां भी मौजूद रहे। इसके पहले सहारा शहर में अंतिम दर्शन के वीआईपी व सहारा कर्मचारियों का जमावड़ा लगा रहा। मुंबई के एक अस्पताल में गत दिवस सुब्रत रॉय का 75 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। वह लंबे समय से कैंसर से पीड़ित थे। चार्टर प्लेन के जरिये उनका पार्थिव शरीर लखनऊ के चौधरी चरण सिंह हवाईअड्डे पर शाम 4.10 बजे लाया गया। शव को परिजन काफिले के साथ गोमतीनगर स्थित सहारा शहर उनके आवास पर पहुंचे। यहां भारी सुरक्षा इंतजामों के बीच लोगों ने अंतिम दर्शन किए। अंत्येष्टि के लिए पार्थीव शरीर सहारा शहर से बृहस्पतिवार दोपहर दो बजे से रवाना किया जाएगा। बड़ी संख्या में सहारा शहर पहुंचे सहारा परिवार के कर्मचारी व अधिकारियों की आंखें रॉय के पार्थिव शरीर को देखते ही नम हो गईं। ये लोग उनसे जुड़ी यादें एक-दूसरे से साझा करते नजर आए। सोशल मीडिया पर याद किए गए सहाराश्री- सहाराश्री सुब्रत रॉय के निधन के बाद सोशल मीडिया पर सभी वर्ग के लोगों ने उन्हें याद किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धांजलि देते हुए एक्स पर लिखा कि सहारा समूह के प्रमुख सुब्रत रॉय का निधन अत्यंत दुखद है। प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान व शोकाकुल परिवारीजनों को यह अथाह दुख सहने की शक्ति दें। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा कि सहाराश्री का निधन उत्तर प्रदेश और देश के लिए भावनात्मक क्षति है क्योंकि वह एक अति सफल व्यवसायी के साथ एक ऐसे अति संवेदनशील विशाल हृदय वाले व्यक्ति भी थे जिन्होंने अनगिनत लोगों की सहायता की, उनका सहारा बने। सहारा शहर में अंतिम दर्शन करने पहुंचे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि सुब्रत रॉय का निधन बहुत पीड़ादायक है। उन्होंने अपने जीवन काल में प्रदेश में बहुत बड़ा कारोबार खड़ा किया। हम उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। उधर, क्रिकेटर सुरेश रैना ने सुब्रत रॉय को श्रद्धांजलि देते हुए एक्स पर लिखा कि प्रेरक, वक्ता और खेल प्रेमी नहीं रहे। ओलंपिक में मेडल जीतने वाले खिलाड़ी योगेश्वर दत्त ने लिखा कि सहारा ग्रुप के चेयरमैन और विख्यात व्यवसायी रहे सुब्रत रॉय के निधन पर पुण्य आत्मा को श्रद्धांजलि। सुब्रत रॉय का भारतीय खेलों के उत्थान में अहम योगदान रहा है। अभिनेत्री मनीषा कोईराला ने भी एक्स पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। लिखा, एक व्यक्ति जिन्होंने अपने संघर्ष के समय कभी हार नहीं मानी। मंगलवार रात से बुधवार को दिनभर सोशल मीडिया पर लोग सहाराश्री के कार्य, उनके व्यवहार और व्यक्तित्व को याद कर श्रद्धांजलि देते नजर आए।





## संपादकीय Editorial

# Pulses and bread are expensive

Recently the rates of Consumer Price Index, Core Inflation, Wholesale Price Index have been announced. On average, the inflation rate is lower than the target rate, so the Indian government can boast that it has kept inflation under control, but the reality is something else.

In simple and easy words, 'food inflation' is still high for the common man. Inflation is still very high. Of course, in the language of economics, the Consumer Price Index makes it clear that the annual retail inflation in October is 4.87 percent. It was 7.44 percent in July, due to which it has been continuously decreasing.

Core inflation has been reported at 4.28 percent, but it does not include rising prices of food and fuel. It has been told that this rate has been the lowest in 43 months. The wholesale price index was down by minus 0.52 percent. It is being claimed that food inflation came down to 2.53 percent in October.

This inflation in the month of September was 3.35 percent. Inflation based on the Wholesale Price Index has been continuously below zero since April, in that sense there is continuous news of relief on the inflation front, but Reserve Bank of India (RBI) Governor Shaktikanta Das considers it a 'very sensitive situation'. In fact, the prices of food items have been the fundamental problem and they define inflation. Some tough and sticky factors related to food inflation are worrying the Modi government and the RBI ahead of the 2024 general elections. In fact, the retail inflation of dal-roti i.e. grains and pulses is around 10.65 percent.

It has been in double digits for the last 14 months, till September 2022. Pulses have also become expensive by double the rate for the last five months. Their current inflation is 18.79 percent, which has been the highest since August 2016. This may be directly related to monsoon. Food inflation, estimated at 6.61 per cent, is higher than the general consumer price index. Along with food, there are also vegetables, lack of seasonal supply of which troubles the common citizen again and again. As a result, in July-August, tomatoes were sold at Rs 200 per kg and nowadays onions are being sold at Rs 70-80 per kg.

If we look at our daily plate, grains, pulses, vegetables etc. are becoming expensive. It is another system that in one season the farmers have to throw the crops of tomato, onion, potato etc. on the roads or destroy them because they do not get the expected price. Tomatoes and onions are sold at high prices in one season. The question is who decides these prices? Its economics are neither known to the common consumer nor disclosed by the government, as there is no fixed regulator. It is clear that vegetable markets are 'uncontrolled' bodies, in which hoarding and black marketing are also inherent. In terms of grains, the Agriculture Ministry estimates that the grain production during Kharif will be around 66 lakh tonnes, which is less than last year. Paddy production may decrease from about 11 crore tonnes to a little more than 10 crore tonnes. Kharif season pulses production has been the lowest since 2015. Obviously the inflation of grains and pulses will be high. However, free ration will continue, hence wheat-rice storage is being improved.

# Assessment: Economy recovering from the impact of Corona, consumer confidence is increasing

The Consumer Confidence Index (CCI) was recorded at 92.2 in September, whereas in 2019 this index was slightly above this level. It is a matter of happiness for the Indian economy that as there are festivals everywhere these days, the confidence of Indian consumers is also increasing towards the economy. A new report of the Reserve Bank related to consumer sentiments is in the news these days, in which it has been said that now the economic side effects of Corona from the Indian society have reached the verge of being completely eliminated. The data presented in this report of the Central Bank is based on a survey conducted in September. The data of this report confirms that the Consumer Confidence Index (CCI) in September was recorded at 92.2, almost above the same level in the year 2019. That means the country's economic policies are moving in the right direction. This survey conducted by the Reserve Bank mainly tries to know the thoughts and feelings of Indians on five economic facts. It includes analysis of the state of the economy, current level of employment, inflation and its effects, increase or decrease in personal economic income and various types of expenses. Another aspect of this survey is that along with analyzing the current situation, it also tries to know the outlook of Indians towards future economic development. After the economic impact of Corona, from the year 2020 to the year 2022, the CCI had fallen to the level of about 40 points. But these figures show that the country with the world's largest population has come out of the economic decline in just three years. Despite all this, the common man of Indian society is not very positive regarding the increase in employment. In the same survey of the Reserve Bank, more than two-thirds of the people have agreed that the situation regarding the availability of employment is still the same as a year ago and more than 10 percent people have not expressed their opinion regarding the increase in employment. Has given. About 30 percent of the people refused to give their opinion regarding the increase in employment for the coming year. More than 25 percent people believed that after one year there will be a decline in the level of employment in the Indian economy. Whereas 18 percent people believed that the situation will remain the same after one year. The common Indian is not very optimistic about the growth of employment, there could be two reasons for this. Firstly, the availability of jobs in the government sector is very less, secondly, there is always a lot of instability in the private sector. In the last three decades, the unemployment rate in India has never been below five percent, but during this period the country's population increased by around 50 crores. That means the number of unemployed is increasing rapidly every year in India. For this reason, India is known as a country with 'economic development without employment'. Only the manufacturing sector can rid India of this problem. But the manufacturing sector accounts for less than two percent of the country's exports, whereas the contribution of the manufacturing sector in exports of Vietnam, which is less populous than us, is comparatively much higher. In the manufacturing sector in Asia, India now competes not only with China but also with many small economies. Thailand, Indonesia, Malaysia, Taiwan, Philippines, Korea and Bangladesh are also moving forward rapidly, because the cost of products of all these countries is about 20 to 30 percent less than Indian products. Moreover, the service sector has been making a significant contribution to economic growth for a long time, but the jobs it creates are not reaching all sections of the society. Perhaps that is why unemployment is a major problem.

# World Cup 2023 Special: Wankhede Stadium and the thrill of Cricket World Cup

In the 1987 World Cup, Wankhede Stadium hosted the India-Zimbabwe and India-England matches. India had won over Zimbabwe by 8 wickets and in that match Zimbabwe was restricted to just 135 runs. The country's financial capital Mumbai, the Arabian Sea stretches far in front of Marine Drive and on its banks stands the famous Wankhede Stadium, where the semi-final of the Cricket World Cup 2023 is to be played between India and New Zealand. Wankhede Stadium, built 49 years ago, has preserved many memories of cricket. It has witnessed big scores and also seen teams faltering and on their knees. Wankhede Stadium, built in the year 1974, has also celebrated India's victory in the Cricket World Cup of the year 2011. This ground is something like this - It is also one of the most prestigious and specially selected stadiums of India. The special thing about most of the matches played in the Cricket World Cup at Wankhede Stadium is that the team batting first has better winning figures here. Be it the 1987 World Cup, 1996 World Cup, 2011 World Cup or the current World Cup. In the 1987 World Cup, Wankhede Stadium hosted the India-Zimbabwe and India-England matches. India had won over Zimbabwe by 8 wickets and in that match Zimbabwe was restricted to just 135 runs. India scored 136 runs for the loss of two wickets in just 27.5 overs, but India lost to England by 35 runs. In that match, England had scored 254 runs and India's innings was reduced to 219 runs. In the 1996 World Cup, only India-Australia match was held here, in which India lost by just 16 runs. In that match, Mark Waugh played an inning of 126 runs for Australia and Sachin Tendulkar was out after scoring 90 runs for India. Australia had scored 258 runs and India was out for 242 runs. At that time, playing first, Sri Lanka had scored 274 in 50 overs and India had achieved this target in 48.2 overs. Gautam Gambhir played an inning of 97 runs in that match, but captain Mahendra Singh Dhoni's unbeaten inning of 91 runs is remembered more. Only one member of the 2011 Vijay team, Virat Kohli, is included in the current team. All the other players have retired. The team playing first has made big scores - As far as the current World Cup is concerned, so far three matches have been played at Wankhede Stadium. The team playing first has scored big scores. On October 21, a match was played between South Africa and England, in which South Africa scored 399 runs and England was limited to 170 runs. In the South Africa-Bangladesh match on 24 October, South Africa, playing first, scored 382 runs and Bangladesh was out for 233 runs. Batting first here on November 2, India scored a huge score of 357 runs and Sri Lankan team was all out for just 55 runs. On November 7, Afghanistan had scored 291 runs in 50 overs against a prestigious team like Australia and Australia's innings faltered after losing 7 wickets for 91 runs. Although Australia managed to win thanks to Glenn Maxwell's courageous 201 runs, Afghanistan almost won the match. The toss can play an important role in the semi-final between New Zealand and India. The team winning the toss would like to bat first, because chasing runs is not looking easy here. Especially in the current World Cup, the teams playing in the second innings have had to struggle. India is just two matches away from winning the World Cup 2023. Till now his journey in the World Cup has been excellent, but the pressure of the semi-finals is not easy. Cricket fans hope that Wankhede Stadium will once again register its name in the golden pages of India's cricket history. Three matches were played here in the 2011 World Cup. In the New Zealand-Canada match, New Zealand had scored 358 runs and Canada was out for 261 runs. In the Sri Lanka-New Zealand match, Sri Lanka had scored 265 runs while playing first and New Zealand could score only 153 runs, but in the final match, India defeated Sri Lanka by 6 wickets.

## Analysis: Southern politics is going to be ineffective in central politics and formation of new government.

It is clear from the phase that the politics of the South is going through at the moment that the results of the Lok Sabha elections in the six states there will be mixed and divided and they will not have a major role in the formation of the new government at the Centre. If a deep analysis of the year 2024 Lok Sabha elections and South Indian politics is done, then two facts emerge. First, the results of the Lok Sabha elections in the six states of South India will not become a major factor in the formation of the new government at the Centre. Second, the result of the Lok Sabha elections in these six states will be mixed and divided. Since the year 2019, many new faces have emerged in these six states of South India. In Andhra Pradesh and Tamil Nadu, the spiritual and cinema world has had an influence on politics. Pawan Kalyan of Andhra Pradesh and Joseph Vijay of Tamil Nadu are new faces in politics, who come from the background of cinema. The politics of southern states is very clear. The result of Lok Sabha elections may be divided in these six states. Of course, state level parties say that regional satraps dominate southern politics, but Congress or BJP will not be completely wiped out. Except Tamil Nadu and Karnataka, out of the six states of South India, the remaining four states are completely different from each other. Andhra Pradesh and Telangana, both are Telugu speaking states, but Telangana is quite aggressive. The politics of Puducherry and Kerala is also at its peak. Let us first talk about Tamil Nadu. A big surprise is going to happen in this state in the 2024 Lok Sabha elections. Dravidian politics is fast dying and this may be reflected in the 2024 results of Tamil Nadu. For the first time in the political history of Tamil Nadu, three new faces will decide the fate of the winner of the Tamil Nadu Assembly elections to be held in 2026. Apart from DMK and AIADMK, who are these three new faces? BJP leader K Annamalai, Naam Tamilar Katchi leader and former actor Seeman and the third one is cinema world's mini superstar Joseph Vijay. These three faces will woo first or second time voters. These three can snatch 25 to 30 percent votes from Dravidian parties. Even if they are not successful in the 2024 Lok Sabha elections, they are definitely going to do so in the 2026 Assembly elections. The absence of tall personalities like Karunanidhi and Jayalalitha is being felt in Tamil Nadu. Who will fill this place? Whether Narendra Modi or someone with a nationalist outlook from the BJP or Mallikarjun Kharge with the support of Rahul Gandhi. It is true that after AIADMK's exit from NDA, AIADMK is proposing an alliance to Congress, but such an important decision of changing the party in the alliance is not possible. For this, we will have to wait for the results of the assembly elections of five states in the first week of December. But there is only three months between December 2023 and February 2024, so the alliance cannot be tampered with or changed. The political struggle in Andhra Pradesh is also interesting, where Jagan Reddy is maintaining his hold. His political decision and timing of arresting his arch rival Chandrababu Naidu was so right that Jagan Reddy's YSR Congress emerged as a powerful party. Telugu Desam Party leader Naidu, instead of apologizing to Modi.

# मैं जिंदा करूंगा, सपेरे ने ऐसी घुट्टी पिलाई..पुलिस भी न समझी; 7 दिन से मासूम का बेजान शरीर गड्ढे में दबा



मुरादाबाद के कुंदरकी ब्लॉक क्षेत्र के सीमांत गांव ऊंचाकानी में परिजन सर्पदंश से मृत सातवीं के छात्र वरुण ( 14 ) के शव को सात दिनों से मकान के अंदर गड्ढे में दबाए बैठे हैं। परिजनों ने यह कारनामा सपेरों के तंत्र-मंत्र के अंधविश्वास में आकर किया है। मुरादाबाद के कुंदरकी के ऊंचाकानी गांव में सांप के डसने से हुई छात्र की मौत के मामले में परिजन अब भी सपेरों की बातों को सच मान रहे हैं। चिकित्सक के मृत घोषित करने के बाद भी वे शव को गड्ढे में दबाकर बच्चे के जीवित होने की उम्मीद कर रहे हैं। बुधवार को इसकी जानकारी जब पुलिस को हुई तो मामले की हकीकत जानने के लिए हलके के दरोगा पहुंच गए। उन्होंने समझाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने। 19 नवंबर का इंतजार करने की बात कहते हुए उनको वहां से जाने के लिए मजबूर कर दिया। कुंदरकी ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम ऊंचाकानी में आठ दिन पहले 9 नवंबर की रात 11 बजे सोते समय कक्षा सातवीं के छात्र वरुण ( 14 ) पुत्र बबलू ठाकुर को सांप ने डस लिया था। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने छात्र को मृत घोषित कर दिया, लेकिन सपेरों ने दावा किया कि वह छात्र को जीवित कर देंगे। सपेरों के बताए अनुसार परिजनों ने सर्पदंश से मृत छात्र के शव को अपने घर के आंगन में गड्ढे में दबा कर रखा है। बीते सोमवार को ऊंचाकानी में सपेरे घर पहुंचकर तंत्र विद्या कर चुके हैं, लेकिन छात्र के शरीर में कोई हरकत नहीं हुई। इसके बाद सपेरों ने 19 नवंबर को आने वादा किया। सपेरों का दावा है कि वह गड्ढे से छात्र को जीवित निकाल सकते हैं। इसी आस में छात्र के परिजन हैं कि उनका बेटा सही हो जाए। बुधवार सुबह से कुंदरकी पुलिस ग्राम ऊंचाकानी पहुंच गई थी। हलके के दरोगा सलीम मलिक ने परिजनों से कहा कि छात्र के शव को गड्ढे से बाहर निकालें, लेकिन परिजनों ने कहा कि हमें अभी उम्मीद है कि वरुण सही हो सकता है, इसलिए हमें शव को अपने ही मकान में दबा रखा है। वहीं इस मामले में 19 नवंबर के बाद भी उचित निर्णय लेंगे। पुलिस की मशक्कत भी बेकार रही, जिसके बाद पुलिस बैरंग लौट आई है। परिजनों ने मकान के अंदर किसी को नहीं जाने दे रहे हैं। छात्र के शव को घर में सात दिन से गड्ढे में दबाए हैं परिजन, 19 नवंबर तक लगाए ये उम्मीद- मुरादाबाद के कुंदरकी ब्लॉक क्षेत्र के सीमांत गांव ऊंचाकानी में परिजन सर्पदंश से मृत सातवीं के छात्र वरुण ( 14 ) के शव को सात दिनों से मकान के अंदर गड्ढे में दबाए बैठे हैं।

परिजनों ने यह कारनामा सपेरों के तंत्र-मंत्र के अंधविश्वास में आकर किया है। शुक्रवार को फिर सपेरे ने दावा किया है कि सात दिन बाद अर्थात 19 नवंबर तक शव रखने पर छात्र जिंदा हो सकता है। ऊंचाकानी गांव के रहने वाले दुग्ध विक्रेता बब्लू ठाकुर के पुत्र वरुण ( 14 ) को सोते समय कान के पास बीते बृहस्पतिवार की रात करीब 11 बजे सर्प ने डंस लिया था। छात्र की चीख पुकार सुनकर परिजनों की नींद टूट गई। परिजन छात्र का इलाज कराने के लिए उसे तत्काल जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। छात्र दो भाइयों में छोटा था। सपेरे ने दिखाया तंत्र मंत्र से जिंदा करने का सपना- परिजनों ने बेटे का इलाज कराने के लिए सपेरे को बुलाया। सपेरे ने देखने के बाद कहा कि छात्र मरा नहीं, बेहोश है। सांप के काटने के बाद लोग कई दिनों तक बेहोशी की हालत में जीवित रहते हैं। सपेरे ने तंत्र मंत्र की शक्ति का दावा करते हुए परिजनों को विश्वास दिलाया। भरोसे में आकर परिजनों ने छात्र को अपने मकान के अंदर गड्ढा खोदकर मिट्टी के नीचे दबा दिया। सोमवार शाम तक सपेरा बब्लू ठाकुर के घर पहुंचा। वह छात्र को जिंदा करने का दावा करने लगा। कुछ ही देर में गांव के लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। सपेरे ने कुछ देर तक तंत्र विद्या का प्रदर्शन किया, लेकिन छात्र के शरीर में कोई हरकत नहीं हुई। अंत में सपेरे ने परिजनों के सामने गारंटी दी कि वह छात्र को जिंदा कर देगा। इसके लिए उसे अभी गड्ढे में ही दबे रहने दीजिए। ग्राम प्रधान सौनाद सिंह ने बताया कि सपेरे ने 19 नवंबर को फिर से आने का वादा किया है। दावा किया कि वह छात्र को जिंदा कर देगा। सपेरा अलीगढ़ क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है। इधर अलीगढ़ और जसपुर के सपेरों के दावे को लेकर ग्राम ऊंचाकानी में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। अभी भी गांव का एक बड़ा वर्ग करिश्मा की उम्मीद लगाए बैठा है। वहीं छात्र के परिजन गमगीन हैं। वे बेटे की जिंदगी के लिए भगवान से प्रार्थना कर रहे हैं।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी की जेल में बिगड़ी तबीयत, मौत



मुरादाबाद -जिला कारागार में पास्को एक्ट के आरोपी की तबीयत बिगड़ने से इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जिला जेल प्रशासन ने दिवाली के अगले दिन आरोपी की तबीयत बिगड़ने पर परिजनों को सूचना देने के साथ जिला अस्पताल में भर्ती कर दिया था। आरोपी की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने मेरठ के लिए रेफर किया जहां बुधवार की रात उसकी उपचार के दौरान मौत ही गई । इलाज के लिए ले गए पुलिस कर्मियों ने बुधवार की देर रात आरोपी के बेटे अनुज को उसकी मौत की खबर दी। आरोपी 2021 में निकट के जनपद संभल के थाना हयात नगर से नाबालिग बच्चे से दुष्कर्म के मामले में थाना हयात नगर से जेल भेज गया था। 50 वर्षीय राजीव उर्फ गांधी जनपद संभल थाना हयात नगर के मौला हयात नगर का रहने वाला है। आरोपी राजीव पर मोहल्ले के ही रहने वाले एक युवक ने अपने बच्चों के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर थाना हयात नगर पुलिस ने आरोपी न्यायालय के समक्ष पेश किया था। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मामला फिलहाल हाई कोर्ट में विचारधीन है 16 नवंबर दिन गुरुवार को मृतक आरोपी के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई थी।

# बेवफा निकली वो: जिसे सात जन्म के वादे कर लाया था घर, उसने ही दे दिया धोखा..मजबूर होकर युवक ने दुनिया छोड़ दी

डिडौली इलाके में रहने वाले दो बच्चों की मां प्रेम प्रसंग के चलते देवर के साथ रहने को चली गई। इससे उसके परिवार में कलह होने लगी। इससे आहत होकर उसके पति ने आत्महत्या कर ली।पत्नी की बेवफाई से आहत होकर मजदूर ने घर में ही फंदे पर लटक कर जान दे दी। परिजनों ने बिना पुलिस कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। ये मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। यहां पर किसान का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी का अलावा दो बेटे हैं। दोनों बेटे रोजमर्रा की मजदूरी करते थे। 35 वर्षीय बड़े बेटे की शादी दस साल पहले हुई थी। उसके दो बच्चे भी हैं। करीब छह महीने पहले विवाहिता का प्रेम प्रसंग अपने देवर के साथ हो गया। इस बात को लेकर घर में विवाद रहने लगा। विवाहिता ने पति को छोड़कर देवर के साथ रहने की ठान ली। इसके बाद मजदूर मानसिक रूप से परेशान रहने लगा। बृहस्पतिवार की सुबह परिवार के सभी सदस्य घर पर मौजूद थे। पत्नी की बेवफाई से आहत होकर मजदूर ने घर में ही रस्सी के सहारे फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिजनों के होश उड़ गए। परिजनों ने बिना पुलिस कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। सीओ सिटी विजय कुमार राणा ने घटना की जानकारी होने से इनकार किया है।

# डांसर सपना चौधरी केस में सुनवाई शुरू, आयोजन के बीच हंगामा-लाठीचार्ज का मामला, अब 16 को अगली तारीख



मुरादाबाद -मुरादाबाद में हुए सपना चौधरी के कार्यक्रम के दौरान जमकर हंगामा हुआ था। इसके बाद पुलिस को लाठीचार्ज तक करना पड़ा था। इस मामले को लेकर स्थानीय निवासी ने वाद दायर किया है। हरियाणा की डांसर सपना चौधरी के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में परिवादी के वकील ने बहस पूरी की। इसके बाद अदालत ने परिवादी से साक्ष्य मांगे हैं। अब मामले की अगली सुनवाई 16 दिसंबर को होगी। डांसर सपना चौधरी के खिलाफ रामेश्वर दयाल तुरैहा ने परिवाद दायर किया था। जिसमें उन्होंने बताया था कि 11 जून 2019 को सपना चौधरी मुरादाबाद स्थित रेलवे स्टेडियम में आईं थीं। कार्यक्रम के दौरान भीड़ बेकाबू हो गई थी। इसी दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया था। जिसमें कई लोग चोटिल हो गए थे। इस कार्यक्रम की वजह से शहर में जगह-जगह जाम लग गया था। जिसमें सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया था। निर्धारित समय के बाद तक डीजे भी बजाया गया था। इस मामले में शिवसेना के नेता रामेश्वर दयाल तुरैहा ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। तब उन्होंने कोर्ट में परिवाद दायर कराया था। वादी के अधिवक्ता ने बताया कि बृहस्पतिवार को न्यू कोर्ट संख्या तृतीय की अदालत में पत्रावली पेश की गई।

# रेलवे कर्मचारी ने लूटी महिला यात्री की चेन, मुरादाबाद स्टेशन की घटना, जीआरपी ने किया गिरफ्तार

मुरादाबाद -मुरादाबाद रेलवे स्टेशन में तैनात इलेक्ट्रिशियन ने ट्रेन में सफर कर रही महिला यात्री के गले से चेन खींच ली। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। आरोपी को जीआरपी ने गिरफ्तार कर लिया। मुरादाबाद रेलवे स्टेशन के बिजली विभाग में तैनात एक इलेक्ट्रिशियन ने सत्याग्रह एक्सप्रेस में सफर कर रही




महिला यात्री के गले से चेन खींच ली। घटना मंगलवार रात 9-15 बजे की है और सीसीटीवी में कैद हो गई है। मंगलवार रात ट्रेन जब मुरादाबाद रेलवे स्टेशन से चली तो एक महिला यात्री कोच के गेट पर खड़ी थी। आरोपी कर्मचारी चेन खींचने की फिराक में ट्रेन के पीछे चलता रहा।मौका लगते ही उसने महिला के गले से चेन खींच ली। इसका वीडियो वायरल हुआ तो जीआरपी व आरपीएफ तक भी पहुंचा। जीआरपी ने आरोपी कर्मचारी को हिरासत में ले लिया है। हालांकि महिला की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। इस घटना का वीडियो रेलवे के अधिकारियों तक भी पहुंच गया है। इसके बाद आरोपी कर्मचारी का निलंबन तय माना जा रहा है। जीआरपी की जांच पड़ताल में सामने आया है कि कर्मचारी की ओर से यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले वह रेलवे कॉलोनी में एक महिला की चेन खींच चुका है। मुकदमा दर्ज होने पर दंड स्वरूप उसे निलंबित किया गया था। इसके बाद रोजा ट्रांसफर कर दिया गया था। कुछ समय पहले ही वह मुरादाबाद लौटा है और फिर उसने दूसरी घटना को अंजाम दे दिया। रेलवे के सीनियर डीसीएम सुधीर सिंह का कहना है कि मामले की जांच चल रही है। कर्मचारी की बर्खास्तगी भी की जा सकती है।

हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# छाया अमरोहा का छोरा: सर, इंशा अल्लाह वर्ल्डकप ट्रॉपी हमारी होगी, उत्साहित शमी ने बचपन के कोच से फोन पर की बात








मुरादाबाद -भारतीय टीम के बेहतरीन गेंदबाज मोहम्मद शमी ने फोन पर बचपन के कोच मुरादाबाद निवासी बदरुद्दीन सिद्दीकी से भी बात की। उन्होंने कहा कि इस बार वर्ल्ड कप भारत में ही रहेगा। कोच ने भी मैच के लिए दुआ की। शमी व भाई हसीब के बीच भी लगातार इस मुद्दे पर बातचीत होती रही है। अमरोहा के लाल मोहम्मद शमी का कमाल एक बार फिर दुनिया ने देखा। शमी के विकेटों का सत्ता लगाने के बाद मुरादाबाद मंडल के खेल प्रेमियों ने तीन दिन बाद फिर दिवाली मनाई। बुधवार को पूरे दिन शहर में क्रिकेट प्रेमी विश्वकप सेमीफाइनल के खुमार में खोए रहे। दिन में लोगों ने भारतीय बल्लेबाजों की पारियों का लुत्फ उठाया तो रात में शमी ने अपनी धारदार गेंदबाजी से उत्साह कई गुना बढ़ा दिया।शमी वनडे क्रिकेट के एक मैच में सात विकेट लेने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले पूर्व भारतीय गेंदबाज आशीष नेहरा ने छह विकेट चटकाए थे। शमी का यह प्रदर्शन तब रहा, जबकि उनके कई रिश्तेदार अपने परिवार के साथ मैच देखने मुंबई पहुंचे थे। मैच से एक दिन पहले शमी ने फोन पर अपने बचपन के कोच मुरादाबाद निवासी बदरुद्दीन सिद्दीकी से भी बात की थी। शमी के शब्द थे कि सर, इंशा अल्लाह इस बार वर्ल्ड कप भारत में ही रहेगा। कोच ने भी मैच के लिए दुआ की। वहीं शमी व भाई हसीब के बीच लगातार इस मुद्दे पर बातचीत होती रही है। शमी ने भाई से कहा कि मेरे जेहन में यही बात रहती है कि पता नहीं कौन सा मैच विश्वकप का आखिरी हो। यही सोचकर अपना शत प्रतिशत देता हूं। न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत के बाद शमी ने टीवी पर भी यही बात दोहराई। उन्होंने कहा कि बुमराह और सिराज का साथ मिलने से चीजें आसान लगने लगती हैं। अभ्यास के बाद भी तीनों गेंदबाज काफी समय साथ बिताते हैं। रिवर्स स्विंग को मजबूत बनाने पर पसीना बहा रहे हैं शमी- शमी के बड़े भाई मोहम्मद हसीब का कहना है कि शमी प्रैक्टिस के दौरान रिवर्स स्विंग पर मेहनत कर रहे हैं। वह कई बार देर रात तक जागते रहते हैं और फिर सुबह जल्दी उठकर अभ्यास करते हैं। गीली गेंद से लगातार विकेट निकालने के लिए पसीना बहा रहे हैं। भाई से बातचीत में शमी ने बताया कि इन दिनों एक अलग ही जुनून मन में है। शायद ये कॅरियर के सबसे बेहतरीन दिन हैं। विश्वकप के तुरंत बाद भारत को ऑस्ट्रेलिया से मुकाबले खेलने हैं। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका दौरे पर जाना है। इसे लेकर वह अभी से अभ्यासरत हैं।

## शमी से खास प्रदर्शन की सबको थी उम्मीद

शहर के बाजारों के इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानों में टीवी पर लाइव मैच का आनंद लोगों ने लिया। राहगीर रुक कर कुछ पल के लिए मैच देख रहे थे।

पहली पारी खत्म होने के बाद सराफा बाजार में लोगों के बीच चर्चा शुरू हो गई कि देखना आज शमी कुछ खास करेगा। और वही हुआ, जब शमी ने सात विकेट झटके तो लोग बोले कि हमें पता था कि शमी छा जाएगा। मैच देख रहे हिमांशु श्रीवास्तव, गगन सिंह, पिंटू पाल आदि दर्शकों का कहना था कि इस साल भारत का एक नया रिकार्ड होगा, जो एक मैच हारे बिना फाइनल तक पहुंचेगा और जीतेगा भी। सराफा बाजार में एक दर्शक दुकानदार से शमी के पांच विकेटों की शर्त लगाने लगा। इस पर दुकानदार ने हंस कर बात टाल दी और टीवी पर नजरे गढ़ा लीं।

मेरी उम्र 50 साल है। मैं मैच का बचपन से शौकीन हूं। इस साल विश्वकप के सारे मैच देखे हैं। ऐसा नहीं है कि टीम इंडिया खेलेगी तो ही मैच देखेंगे लेकिन मुझे विश्वास है कि विश्वकप ट्रॉफी इस बार इंडिया ही लाएगी। - नरेंद्र कुमार, स्पोर्ट्स कारोबारी

टीम इंडिया ही विश्वकप फाइनल जीतेगी। हमारी टीम की गेंदबाजी और बल्लेबाजी बाकी टीमों के मुकाबले बहुत मजबूत लग रही है। जिस क्रम में इंडिया के गेंदबाज प्रर्दशन कर रहे हैं। उससे लगता है सेमी फाइनल ही नहीं फाइनल भी जीत जाएंगे। - विकास, बुध बाजार

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# चित्रगुप्त भगवान की शोभा यात्रा धूम धाम से निकाली



क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- शहर में चित्रगुप्त जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस मौके पर श्रीराम चित्रगुप्त कन्या जूनियर हाईस्कूल कायस्थ भवन रेवाड़ी मोहल्ला में कलम- दवात का पूजन एवं हवन किया गया। आकर्षक झांकियों एवं काली मंडल के साथ शोभायात्रा प्रारंभ हुई। उद्घाटन डॉ. एके सक्सेना एवं डॉ. राजेश सक्सेना ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कैलाश गंज में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पंकज गुप्ता सभी चित्रांश बंधुओ का पगड़ी पहनाकर एवं अंग वस्त्र भेंट कर उपस्थित अतिथियों को सम्मानित किया। शोभायात्रा कायस्थ भवन से प्रारम्भ होकर होली मोहल्ला पटियाली गेट, लोकमन दास तिराहा, बली, कैलाश मंदिर, जीटी रोड ठंडी सड़क होते हुए मेहता पार्क पर सम्पन्न हुई। शोभा यात्रा में रास्ते में पुष्प वर्षा शहर के नागरिकों ने की।सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड ने भगवान चित्रगुप्त महाराज की आरती उतार कर आशीर्वाद लिया। रास्ते में जाम लगने पर स्वयं ट्रेफिक व्यवस्था देखी। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा प्रदेश संगठन मंत्री एवं उपाध्यक्ष अमित कुमार जौहरी एडवोकेट मेला प्रभारी रतन प्रकाश सक्सेना, रविकांत सक्सेना एडवोकेट, अध्यक्ष अनुपम जौहरी, महामंत्री अनिल प्रकाश सक्सेना, महिला शाखा अध्यक्ष शिप्रा जौहरी, ऊषा सक्सेना, शवनम जौहरी, क्षितिज सक्सेना, हिमांशु अस्थाना, वैभव राज सक्सेना,प्रदीप बिसारिया आदि लोग मौजूद रहे।

# घर से नाराज होकर निकली महिला को अथक प्रयास के बाद उसके परिजनों को किया गया सुपुद




क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-थाना? पिलुआ पुलिस को मिली सफलता, घर से नाराज होकर निकली महिला को अथक प्रयास के बाद उसके परिजनों को किया गया सुपुर्द। जनपद में सुदृढ़ कानून व्यवस्था व अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण बनाए रखने के उद्देश्य से बीट भ्रमण /एण्टी रोमियो चैकिंग के दौरान एक महिला पत्नी जयवीर सिंह निवासी ग्राम नगला इमलिया थाना बरहन जनपद आगरा इधर- उधर भटकते हुए मिली।

जिसको थाना पुलिस के द्वारा सांत्वना देते हुए जानकारी की गई तो बताया कि वह अपनी ससुराल से नाराज होकर आयी है। थाना पुलिस के द्वारा तत्काल तत्परता दिखाते हुए सोशल मीडिया व विभिन्न प्लेटफार्म के माध्यम से उसके पति जयवीर सिंह व उसकी माँ निवासी ग्राम खेडा थाना अवागढ जनपद एटा को सूचित कर सकुशल सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा पुलिस की काफी प्रशंसा की गयी।

# नगर पालिका बिजली घर का सिस्टम हुआ फेल नहीं हुए लोगों के बिल जमा



क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- नगर पालिका परिषद मे वना विजली घर जहा विजली के विल जमा किये जाते हे लेकिन दीपावली के त्योहार को लेकर कई दिन की छुटिया होने से उपभोक्ता अपना विजली का विल जमा नही कर पाये लेकिन जब आज लोग अपना विजली का विल जमा करने पहुँचे तो वहा वहा मौजूद कर्मचारियों नेवताया कि नेट नही आ रहा हे इस लिए विजली का विल जमा जमा नही हो पायेगा ।ओर फिर विजली उप भोक्ता अपने विल वापस लेकर मायूस होकर लोट आये ।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# पनैठी मोबाइल चोरी प्रकरण में 24 घंटे के अंदर खुलासा करने पर अकराबाद थाना एस एच ओ पुरी पुलिस टीम को जनता ने बुके देकर पुरस्कृत किया

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर



अलीगढ़ अकराबाद पनैठी मोबाइल चोरी प्रकरण में दो बदमाशों को अकराबाद पुलिस इंस्पेक्टर अवधेश कुमार ने एवं उनकी टीम ने दबोचा 24 घंटे के अंदर चोरी का खुलासा करने पर भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सेक्टर प्रभारी सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने क्षेत्रीय जनता एवं व्यापारियों के थाना अकराबाद पुलिस इंस्पेक्टर अवधेश कुमार सिंह समेत पुरी पुलिस टीम को पुरस्कार दिया सम्मानित किया भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा शक्ति केंद्र प्रभारी सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि पूरे जिले में अगर इसी तरह से पुलिस टीम सक्रिय रही तो अपराध होने का कोई सवाल ही नहीं उठाता अकराबाद पुलिस इंस्पेक्टर अवधेश कुमार सिंह बहुत सक्रिय एवं कर्मठ जुझारू पुलिस ऑफिसर है थाने की पूरी टीम बहुत सक्रिय है 24 घंटे के अंदर इतनी बड़ी चोरी का खुलासा करना कोई मामूली बात नहीं है इसी तरह के ईमानदार क्रमत पुलिस ऑफिसर को हमारा संगठन बहुत सम्मान देता है

क्षेत्र की जनता ने व्यापारियों ने पुलिस टीम को फूल मालाओं से बुके देकर सम्मानित किया है पुलिस टीम का हौसला बढ़ाया है भाजपा किसान मोर्चा के कद्दबर नेता ठाकुर राकेश कुमार सिंह को क्षेत्रीय जनता एवं व्यापारियों ने बहुत बड़ा सहयोग करने पर उनका भी सम्मान किया है सम्मान करने वालों में गौरव ठाकुर बंटी ठाकुर ठाकुर राजवीर सिंह ठाकुर सुरेंद्र पाल सिंह बृजेश कुमार सिंह लवकुश वीआईपी ठाकुर पत्रकार जिला ब्यूरो चीफ, सतेंद्र पाल सिंह उर्फ पप्पू आदि लोग मौजूद थे

# पुलिस के सामने मारपीट का वीडियो शोशल मीडिया पर हुआ वायरल



क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- एटा में बे खौफ दबंगों का कहर रुकने का नाम नही ले रहा है। पुलिस के सामने मारपीट का वीडियो शोशल मीडिया पर हुआ वायरल, दबंगो को नहीं है योगी की पुलिस का खौफ, पुलिस के सामने से खींचकर पुलिस के सामने ही दबंगों ने पिता,पुत्र की जमकर की पिटाई, वीडियो शोशल मीडिया पर हो रहा है वायरल, नगला धीमर गांव में मारपीट और झगड़े की सूचना पर पहुंची थी पुलिस, थाना बागवाला क्षेत्र के नगला धीमर गांव का मामला।

# बैजनपाठ कछवारी जूड़वनिया भुंण्डा एवं तेलाईपाट का मतदान केंद्र निर्धारित हाथी प्रभावित क्षेत्र के रास्ते दूरी पैदल सफर कर मतदाता गण पहुंचेंगे मतदान केंद्र

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल






